# आपूर्तिकर्ता आचार संहिता (Supplier Code of Conduct)

Bunge में, हम अपने कर्मचारियों और आपूर्तिकर्ताओं से यह अपेक्षा करते हैं कि वे आचारनीति और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों को पूरा करें। आपूर्तिकर्ताओं के साथ हमारा रिश्ता आपसी सम्मान और इस विश्वास पर बना है कि व्यवसाय करते समय हम में से प्रत्येक हमेशा करना वही जो है सही के लिए ही मिलकर कार्य करेंगे। हम अपने कर्मचारियों, ग्राहकों, शेयरधारकों, आपूर्तिकर्ताओं और जिन समुदायों में हम काम करते हैं, उनका विश्वास हमेशा बरकरार रखना चाहते हैं।

Bunge के आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे हमेशा सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करते हुए निष्पक्ष, नैतिक रूप से व्यवसाय करें और वे हमारे **बुनियादी मूल्यों**, हमारी नीतियों और हमारी **आचार संहिता (“Bunge संहिता”)** के अनुरूप हों। इन अपेक्षाओं को स्पष्ट करने और नैतिक निर्णय लेने में और अधिक सहायता करने के लिए, हमारी वैश्विक **आपूर्तिकर्ता आचार संहिता (“आपूर्तिकर्ता संहिता”)** विशेष रूप से हमारे आपूर्तिकर्ताओं के लिए लिखित अतिरिक्त संसाधन प्रदान करती है ताकि उन्हें हमारे सिद्धांत समझने में सहायता मिल सके। आपूर्तिकर्ता संहिता पूरी तरह से Bunge संहिता के अनुरूप है और इसका समर्थन करती है। Bunge संहिता में शामिल बहुत से विषयों को हमारे आपूर्तिकर्ता संबंधों के प्रति उनके विशिष्ट महत्व के कारण आपूर्तिकर्ता संहिता में सुदृढ़ किया गया है। “आपूर्तिकर्ता” का अर्थ ऐसा कोई भी तीसरा पक्ष है, जो Bunge को माल या सेवाएं प्रदान करता है, जिसमें हमारे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आपूर्तिकर्ता, वितरक, एजेंट, भर्ती एजेंट, व्यवसाय परिचयकर्ता, मध्यस्थ, सीमा-शुल्क ब्रोकर, बंदरगाह एजेंट, परामर्शदाता, ठेकेदार, पेशेवर सेवा प्रदाता, वस्तु आपूर्तिकर्ता, कच्चा माल प्रदाता और खरीद विक्रेता शामिल हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। आपूर्तिकर्ताओं के उप-ठेकेदारों से भी आपूर्तिकर्ता संहिता के पालन की अपेक्षा की जाती है। आपूर्तिकर्ता संहिता अंतिम उपयोग करने वाले ग्राहकों पर लागू नहीं होती।

आपूर्तिकर्ताओं से यह अपेक्षित है कि वे आपूर्तिकर्ता संहिता में उल्लिखित भावना के साथ-साथ सिद्धांतों के लिखित शब्दों का भी अनुपालन करें। यह संहिता स्वीकार्य आचरण की न्यूनतम अपेक्षाएं निर्धारित करती है। हम आपूर्तिकर्ताओं को दृढ़ता से प्रोत्साहित करते हैं कि वे इस आपूर्तिकर्ता संहिता की न्यूनतम अपेक्षाओं से आगे बढ़ें और अपने सारे प्रचालनों में सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों और निरंतर सुधार को बढ़ावा दें। जहाँ स्थानीय कानून कम प्रतिबंधात्मक दायित्व लागू करते हैं, वहाँ हम आपूर्तिकर्ता से अपेक्षा करते हैं कि वह Bunge के साथ या उसकी तरफ से व्यवसाय करते समय इस आपूर्तिकर्ता संहिता का पालन करे जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

## मानव अधिकार और श्रम की स्थितियाँ

- **मानव अधिकारों का सम्मान:** आपूर्तिकर्ताओं से Bunge की **मानव अधिकार नीति** में उल्लेख किए गए सिद्धांतों को कायम रखने की अपेक्षा की जाती है, जिसमें व्यवसाय और मानव अधिकारों पर U.N. मार्गदर्शी सिद्धांत, बहुराष्ट्रीय उद्यमों के लिए आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (Organization for Economic Cooperation & Development, OECD) के दिशानिर्देश और मानव अधिकारों के अंतर्राष्ट्रीय विधेयक के अनुरूप मानव अधिकारों का सम्मान करना शामिल है। आपूर्तिकर्ताओं को मौलिक सिद्धांतों और कार्यस्थल अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (International Labor Organization, ILO) की घोषणा का सम्मान करना चाहिए जो यह पुष्टि करती है कि कंपनियों को संघ की स्वतंत्रता और सामूहिक सौदेबाज़ी के अधिकार का सम्मान करना चाहिए, बाल श्रम सहित सभी तरह के बलात या अनिवार्य श्रम को समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और रोज़गार तथा पेशे के संबंध में भेदभाव समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और सुरक्षित तथा स्वास्थ्यकर कार्य माहौल के लिए प्रयासरत रहना चाहिए।

*“Bunge” या “कंपनी” शब्दों का अर्थ Bunge Global SA और Bunge द्वारा नियंत्रित इसकी सभी पूर्ण या अधिकांश स्वामित्व वाली सहायक कंपनियाँ, सहयोगी कंपनियाँ और संयुक्त उद्यम हैं। जब तक अन्यथा उल्लेख न किया गया हो, तब तक “कर्मचारी” या “आप” और “कर्मचारियों,” “टीम सदस्य” या “हम” का अर्थ Bunge के निदेशक, अधिकारी और कर्मचारी हैं। इस संहिता से किसी भी तीसरे-पक्ष के लाभार्थी के अधिकार का सृजन नहीं होता या इसका सृजन करने का इरादा नहीं है।*

Bunge हमारे आपूर्तिकर्ताओं द्वारा किए गए मानव अधिकारों के उल्लंघन को सहन नहीं करता। आपूर्तिकर्ताओं को खुद अपनी ऐसी मानव अधिकार नीतियाँ तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जिनमें इन अंतरराष्ट्रीय मानकों के सम्मान के प्रति वचनबद्धता हो और जिनमें विस्तार से बताया जाए कि वे अपने प्रचालनों के दौरान और अपने उप-आपूर्तिकर्ताओं के साथ इन सिद्धांतों को कैसे बरकरार रखेंगे।

- **जबरन श्रम:** आपूर्तिकर्ताओं को कर्ज़ चुकाने तक किए जाने वाले श्रम, बंधुआ श्रम, बाल श्रम और मानव तस्करी सहित सभी प्रकार के बलात या अनिवार्य श्रम की मनाही करनी चाहिए। Bunge जबरन श्रम, शारीरिक दंड, हिंसा की धमकियों या अन्य प्रकार के दुर्व्यवहार का जानबूझकर या लापरवाही से उपयोग करने वाले किसी भी आपूर्तिकर्ता को सहन नहीं करेगा।

- **बाल श्रम:** आपूर्तिकर्ताओं को बाल श्रम की मनाही करनी चाहिए और उनके प्रचालनों और आपूर्ति शृंखला में सभी कामगार बाल श्रम संबंधी ILO मानकों और स्थानीय रूप से लागू सभी कानूनों और विनियमों द्वारा निर्धारित काम करने की न्यूनतम आयु पूरी करने वाले अवश्य होने चाहिए। Bunge जानबूझकर या लापरवाही से बच्चों को काम पर रखने वाले या उनका शोषण करने वाले किसी भी आपूर्तिकर्ता को सहन नहीं करता।

- **अभिव्यक्ति और संघ की स्वतंत्रता:** आपूर्तिकर्ताओं को मानव अधिकार नीति के अनुरूप अपने कर्मचारियों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार और संघ के अधिकार का सम्मान करना चाहिए, इसमें पूर्व अनुमति या अनुचित हस्तक्षेप के बिना सामूहिक सौदेबाज़ी के लिए अपने पसंदीदा संगठन गठित करना और उनमें शामिल होना शामिल है। आपूर्तिकर्ताओं को स्थानीय रूप से लागू सभी श्रम कानूनों और विनियमों का पालन करना चाहिए।

- **स्वास्थ्य एवं सुरक्षा:** आपूर्तिकर्ता अपने कर्मचारियों, ठेकेदारों और आपूर्तिकर्ताओं के लिए सुरक्षित और स्वास्थ्यकर कामकाजी स्थितियाँ स्थापित करने के प्रति वचनबद्ध होने चाहिए और उन्हें स्थानीय रूप से लागू सभी स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों और विनियमों का पालन करना चाहिए। हमारे Bunge सुविधा-केंद्रों में काम करने वाले आपूर्तिकर्ताओं को हमारी **वैश्विक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य नीति** और **कार्यस्थल पर हिंसा नीति** को बनाए रखना चाहिए और Bunge की घटनारहित संस्कृति के लक्ष्य में सहयोग करना चाहिए।

- **गैर-भेदभाव और उत्पीड़न:** आपूर्तिकर्ताओं को सम्मानजनक, पेशेवर, विविध, समावेशी और भेदभाव, उत्पीड़न, बदले, डराने-धमकाने और सताए जाने से मुक्त कामकाजी माहौल के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए। आपूर्तिकर्ताओं को विविध और समावेशी कार्यबल को संबल प्रदान करना चाहिए। किसी भी कर्मचारी या रोज़गार आवेदक के विरुद्ध किसी भी तरह के भेदभाव या उत्पीड़न की मनाही की जानी चाहिए। रोज़गार संबंधी निर्णय सामान्य रूप से संरक्षित विशेषताओं पर ध्यान दिए बिना लिए जाने चाहिए जिनमें नस्ल, राष्ट्रीय मूल, रंग, धर्म, यौन क्रिया या यौन संबंधी झुकाव, लिंग, लिंग संबंधी पहचान, लिंग अभिव्यक्ति, नागरिकता, आयु, विकलांगता, सैन्य या पूर्व सैनिक का दर्जा, या वैवाहिक स्थिति सम्मिलित हैं, लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं।

- **उचित मज़दूरी और कार्य समय:** आपूर्तिकर्ताओं को न्यूनतम मज़दूरी, ओवरटाइम भुगतान और अवकाश से संबंधित कानूनों सहित कार्य समय और मज़दूरी से संबंधित स्थानीय रूप से लागू सभी कानूनों और विनियमों का पालन करना चाहिए या उनसे भी बेहतर करना चाहिए।

- **पानी और स्वच्छता:** आपूर्तिकर्ताओं को अपने प्रचालनों, आपूर्ति शृंखला और वे जिन समुदायों में काम करते हैं, उनके लिए सुरक्षित, स्वच्छ तथा पर्याप्त पेयजल और समुचित सफाई सेवाएं और उचित स्वच्छता तक पहुँच के अधिकार का सम्मान करना चाहिए।

# पर्यावरणीय और भूमि का उपयोग

- **पर्यावरणीय प्रभाव:** जैसा कि हमारी **पर्यावरण संबंधी उत्तरदायित्व नीति** में वर्णित है, आपूर्तिकर्ताओं को अपने पर्यावरणीय और जलवायु संबंधी प्रभावों पर गहन ध्यान देते रहना चाहिए।

- **संपोषणीयता:** आपूर्तिकर्ताओं को संयुक्त राष्ट्र संपोषणीय विकास लक्ष्यों के समर्थन में संपोषणीय कृषि, जल प्रबंधन को बढ़ावा देने और खाद्य असुरक्षा में कमी लाने के माध्यम से ऐसा करने सहित अधिक संपोषणीय खाद्य प्रणाली की वृद्धि में सहयोग करना चाहिए।

- **कोई वन कटाव नहीं, कोई पीट नहीं और कोई शोषण नहीं (NO DEFORESTATION, NO PEAT, AND NO EXPLOITATION, NDPE):** आपूर्तिकर्ताओं को NDPE लक्ष्यों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए, इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

  ***कोई वन कटाव नहीं*** जिसका अर्थ भूमि विकसित करते समय वनों की कटाई न करना, उच्च संरक्षण मूल्य (High Conservation Value, HCV) वाले क्षेत्र और उच्च कार्बन स्टॉक (High Carbon Stock, HCS) वाले क्षेत्र संरक्षित करना, आग न लगाने की नीति का अनुपालन करना और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करना है।

  ***कोई पीट नहीं*** जो पीटलैंड पर नए विकास को प्रतिबंधित करता है और मौजूदा पेड़-पौधों के प्रबंधन के लिए सर्वश्रेष्ठ पद्धतियाँ लागू करने को प्रोत्साहित करता है; जहाँ संभव हो, वहाँ पीट नवीनीकरण भी लागू किया जाता है।

  ***कोई शोषण नहीं*** जिसका अर्थ है पाम ऑयल के उत्पादन में कामगारों, बच्चों, स्थानीय समुदायों या छोटे पैमाने के किसानों का शोषण न करना।

- **पता लगाने की योग्यता और पारदर्शिता:** अनुरोध किए जाने पर और लागू कानूनों के अनुपालन के लिए आपूर्तिकर्ताओं को Bunge को जानकारी और डेटा प्रदान करने चाहिए जिससे पता लगाने की योग्यता में सहायता मिल सके।

- **भूमि के अधिकार:** जैसा कि हमारी **निरंतरता नीति** में बताया गया है, और स्थानीय लोगों के अधिकारों संबंधी U.N. घोषणा के अनुसार आपूर्तिकर्ताओं को भूमि उपयोग, छोटे भूस्वामियों तथा स्थानीय लोगों और जैव विविधता का सम्मान करने के लिए कदम उठाने चाहिए।

- **वस्तुओं के आपूर्तिकर्ता:** Bunge की पाम ऑयल की श्रृंखला में शामिल आपूर्तिकर्ताओं को Bunge की पाम ऑयल सोर्सिंग नीति का अनुपालन करना चाहिए। दक्षिण अमेरिका में सोया के आपूर्तिकर्ताओं से यह अपेक्षित है कि वे Bunge की सोया सोर्सिंग नीति का अनुपालन करें।

# आचारनीति/अनुपालन

- **व्यापार, प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण:** आपूर्तिकर्ता जहाँ भी व्यवसाय कर रहे हैं, उन्हें व्यापार और आर्थिक प्रतिबंधों से संबंधित कानूनों और विनियमों, काले धन को वैध बनाने रोधी कानूनों और विनियमों, सीमा-शुल्क, निर्यात नियंत्रण और निर्यात, पुनर्निर्यात और आयात से संबंधित अन्य कानूनों और विनियमों तथा जहाँ लागू हो, बहिष्कार-रोधी कानूनों और विनियमों सहित वहाँ लागू सभी प्रतिबंधों का पालन करना चाहिए।

- **रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार, जबरन वसूली:** आपूर्तिकर्ता जहाँ प्रचालन करते हैं, उन्हें वहाँ के सभी रिश्वतखोरी-रोधी, भ्रष्टाचार-रोधी और घूसखोरी-रोधी कानूनों का पालन करना चाहिए। रिश्वतखोरी में किसी सरकारी अधिकारी की रिश्वतखोरी और हमारे किसी कर्मचारी या Bunge की तरफ से काम में लगाए गए किसी तीसरे पक्ष की व्यावसायिक रिश्वतखोरी शामिल है। Bunge ऐसे आपूर्तिकर्ताओं को खोजता है, जो हमारी **Bunge संहिता, भ्रष्टाचार-रोधी नीति** और **तीसरा-पक्ष जोखिम प्रबंधन नीति** के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। Bunge उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ व्यवसाय करने से इनकार करता है जो हमारे उच्च मानकों का उल्लंघन करते हैं या उन मूल्यों से भटकते हैं जिन्हें हम बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

- **हितों के टकराव:** आपूर्तिकर्ताओं को हितों के टकरावों से बचना चाहिए और यदि उनका Bunge के साथ हितों का टकराव दर्शाने वाला कोई (वित्तीय या अन्यथा) संबंध हो, तो इसके बारे में Bunge को बताना चाहिए।

- **गोपनीयता एवं डेटा की निजता:** आपूर्तिकर्ताओं को Bunge की बौद्धिक संपदा, व्यापारिक रहस्यों और वित्तीय जानकारी तथा Bunge के कर्मचारियों, व्यावसायिक भागीदारों एवं उपभोक्ताओं के बारे में व्यक्तिगत जानकारी सहित Bunge के बारे में गोपनीय जानकारी को लागू कानूनों और संविदात्मक दायित्वों के अनुसार संभालना चाहिए।

- **उत्पादों, वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा:** आपूर्तिकर्ताओं से यह अपेक्षित है कि वे सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्रदान करें। आपूर्तिकर्ताओं को लागू सुरक्षा और स्वास्थ्य कानूनों का पालन करना चाहिए।

- **सुरक्षा बल:** सुरक्षा के लिए निजी या सरकारी सुरक्षा बल को नियुक्त करने या उनका उपयोग करने वाले आपूर्तिकर्ताओं को सुरक्षा और मानव अधिकारों पर स्वैच्छिक सिद्धांतों के अनुरूप उचित निर्देश देने चाहिए और उनकी निगरानी करनी चाहिए।

# संचालन

- **निगरानी करना और रिकॉर्ड रखना:** आपूर्तिकर्ताओं को सभी लेन-देन को सटीकता और ईमानदारी से दर्शाने वाली बहियाँ और रिकॉर्ड कायम रखने चाहिए। आपूर्तिकर्ताओं को वस्तुओं और सेवाओं के मूल देश या आपूर्ति शृंखला का पता लगाने की योग्यता कार्यनीतियों के किसी भी अनुरोध का अनुपालन करना चाहिए।

- **लेखापरीक्षा और आकलन:** Bunge के पास इन अपेक्षाओं के अनुपालन को सत्यापित करने के लिए लेखापरीक्षा का अनुरोध करने का अधिकार सुरक्षित है। Bunge हमारे आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे सूचनाओं, प्रमाणनों और/या लेखापरीक्षा पहुँच के उचित अनुरोधों का पालन करें।

- **चिंताएं/शिकायतें रिपोर्ट करना:** यदि आप ऐसा कोई आचरण या व्यावसायिक पद्धति देखें या आपको संदेह हो जिससे आपके विचार में हमारी आपूर्तिकर्ता संहिता का संभवतः उल्लंघन हो सकता है, तो कृपया सीधे Bunge से संपर्क करें। आप मामले को **Bunge हेल्पलाइन** पर रिपोर्ट करके चिंता व्यक्त कर सकते/सकती हैं या सहायता प्राप्त कर सकते/सकती हैं। यह हेल्पलाइन सुरक्षित संचार चैनल है जिसकी हमारी वैश्विक आचारनीति और अनुपालन टीम द्वारा निगरानी की जाती है। यह बहुभाषी है और दिन के 24 घंटे, वर्ष के 365 दिन उपलब्ध है। आप Bunge के मानव संसाधन विभाग, कानूनी विभाग और वैश्विक आचारनीति और अनुपालन ईमेल (**BGE.Bunge.Ethics.Compliance@bunge.com**) से भी संपर्क कर सकते/सकती हैं। हम सभी रिपोर्टों पर तुरंत, निष्पक्षता से और यथासंभव गोपनीय ढंग से कार्रवाई करते हैं।

- **अनुपालन:** Bunge अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा करता है कि वे आपूर्तिकर्ता संहिता की भावना का सम्मान करें। जहाँ Bunge को आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्तिकर्ता संहिता के एक या अधिक प्रावधानों के अनुपालन को लेकर उचित चिंता हो, वहाँ Bunge आपूर्तिकर्ता के साथ सुधार और संवर्धन के क्षेत्रों को निर्धारित करने में शामिल होने की माँग कर सकता है। यदि आपूर्तिकर्ता इस प्रक्रिया में Bunge के साथ जुड़ने में विफल रहते हैं या उचित या सहमत समय-सीमा के भीतर ऐसे किसी भी गैर-अनुपालन की महत्वपूर्ण रूप से पुनः मध्यस्थता करने में विफल रहते हैं, तो हमारे पास संबंध को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

*आपूर्तिकर्ता संहिता में संदर्भित कोई भी Bunge नीति जो समीक्षा के लिए उपलब्ध नहीं है, उसे अनुरोध करने पर उपलब्ध करवाया जा सकता है।*